**Bank of India**

**Head Office :** Star House, C-5, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400051.

# सूचना पुस्तिका

## बैंक ऑफ़ इंडिया में स्केल IV तक नियमित और संविदागत आधार पर विभिन्न धाराओं में अधिकारियों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा

**प्रोजेक्ट क्र.: 2021-22/3 अधिसूचना दिनांक : 1.12.2021**

**नियमित आधार पर**

| सं. क्र. | पद का नाम | ग्रेड / स्केल |
|---|---|---|
| 1 | अर्थशास्त्र | MMGS-II |
| 2 | सांख्यिकीविद् | MMGS-II |
| 3 | जोखिम प्रबंधन | MMGS-III |
| 4 | IT अधिकारी (डेटा सेंटर) | JMGS-I |
| 5 | तकनीकी मूल्यांकन | MMGS-II |
| 6 | क्रेडिट एनालिस्ट | SMGS-IV |
| 7 | क्रेडिट ऑफिसर | JMGS-I |

**संविदागत आधार पर**

| सं. क्र. | पद का नाम | ग्रेड / स्केल |
|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ प्रबंधक - IT | MMGS-III |
| 2 | प्रबंधक - IT | MMGS-II |

## प्रस्तावना

जिस ऑनलाइन परीक्षा में आप बैठ रहे हैं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा संबंधित मामलों के बारे में महत्वपूर्ण अनुदेश इस पुस्तिका में दिए गए हैं। **उत्तर ऑनलाइन दर्शाने होंगे अतः आप उत्तर दर्शाने के अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी।

ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से पूर्व आपको पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप विज्ञापन में निर्धारित पात्रता के मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।

कृपया नोट करें कि यह एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा है और इसमें उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं। आगे की चयन प्रक्रिया के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए आपको मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करना होगा। अतः परीक्षा के लिए आप पूरी मेहनत करें।

## ऑनलाइन परीक्षा

ऑनलाइन परीक्षा का स्वरूप निम्नानुसार होगा:

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | 150 मिनट का कुल समय | अंग्रेजी |
| 2 | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | | द्विभाषी |
| 3 | सामान्य ज्ञान (बैंकिंग संबंधित विषयों के विशेष संदर्भ में) | 25 | 25 | | द्विभाषी |
| | **कुल** | **125** | **175** | | |

अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर उपरोक्त परीक्षण द्विभाषी यानी अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध होंगे। अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली उत्तीर्ण (क्वालिफाइंग) प्रकृति की होगी, अर्थात अंग्रेजी भाषा में प्राप्त अंकों को मेरीट सूची तैयार करते समय नहीं जोड़ा जाएगा।

ऊपर निर्धारित क्वालिफाइंग अंक सामान्य/EWS श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए हैं। SC/ST/OBC/PWD श्रेणी के उम्मीदवार, संबंधित श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरते हुए, सामान्य/EWS श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अंकों के संबंध में 5% की छूट के हकदार होंगे।

**<u>गलत उत्तरों के लिए दंड</u> :**

**वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तर देने पर दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जाएगी। प्रत्येक प्रश्न के लिए, जिसके लिए उम्मीदवार द्वारा गलत उत्तर दिया गया है, उस प्रश्न को दिए गए अंकों में से एक चौथाई अंकों को सही अंक पर पहुंचने के लिए दंड के रूप में काटा जाएगा।** यदि कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात उम्मीदवार द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया जाता है; उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं होगा।

## नमूना प्रश्न

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।**

## अंग्रेजी भाषा

**Q.1-6.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true <u>(1)</u> of rights is duty. If we all <u>(2)</u> our duties, rights will not be <u>(3)</u> to seek. If leaving duties unperformed we run <u>(4)</u> rights, they will <u>(5)</u> us like an elusive person. The more we pursue them, the farther <u>(6)</u> they fly.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Q.1.** | (1) end | (2) source | (3) joy | (4) purpose | (5) power |
| **Q.2.** | (1) deny | (2) devote | (3) discharge | (4) imagine | (5) fulfill |
| **Q.3.** | (1) far | (2) close | (3) easy | (4) against | (5) common |
| **Q.4.** | (1) as | (2) after | (3) at | (4) from | (5) for |
| **Q.5.** | (1) hold | (2) grab | (3) fight | (4) escape | (5) chase |
| **Q.6.** | (1) off | (2) can | (3) did | (4) could | (5) towards |

# व्यावसायिक ज्ञान

## अर्थशास्त्र (MMGS-II)

**प्र.1.** विस्तारकारी राजकोषीय नीति के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

(1) राजकोषीय विस्तार, IS वक्र को दाईं ओर शिफ्ट करके आय के संतुलन स्तर को बढ़ाएगा यद्यपि LM वक्र वही रहेगा और इससे गुणक प्रभाव के बगैर ब्याज दर में वृद्धि होगी

(2) विस्तारकारी राजकोषीय नीति, IS वक्र को दाईं ओर शिफ्ट करके आय के संतुलन स्तर तथा ब्याज दर को बढ़ाएगी और इसके पूर्ण गुणज प्रभाव के साथ आय में वृद्धि होगी

(3) विस्तारकारी राजकोषीय नीति, IS वक्र को दाईं ओर शिफ्ट करके आय के संतुलन स्तर तथा ब्याज दर को बढ़ाएगी किंतु आय में वृद्धि निजी निवेश के बहिर्गमन के कारण पूर्ण गुणज प्रभाव के बराबर नहीं हो सकती है

(4) विस्तारकारी राजकोषीय नीति, IS वक्र को दाईं ओर शिफ्ट करके आय के संतुलन स्तर तथा ब्याज दर को बढ़ाएगी और यदि अर्थव्यवस्था में अप्रयुक्त संसाधन होते हैं, तो बहिर्गमन का प्रभाव नहीं होगा

(5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

## सांख्यिकीविद् (MMGS-II)

**प्र.1.** स्टैटिस्टिकल हाइपोथेसिस में इक्वेलिटी के टेस्ट जैसे कि $H_0 : \mu = 10$ पर $H_0 : \mu \neq 10$ को $\alpha = 5\%$ के सिग्नीसफिकेन्सक लेवल पर टेस्ट किया जाता है जिसका अर्थ हैं कि ------------- ।

(1) 95% बार हम गलत इन्फ्रेंस देंगे

(2) 5% बार हम कहेंगे कि वास्तविक अंतर है, जब कोई अंतर नहीं होगा

(3) 5% बार हम कहेंगे कि कोई वास्तविक अंतर नहीं है, जब अंतर होगा

(4) 95% बार शून्य (null) हाइपोथेसिस सही होगा

(5) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

## जोखिम प्रबंधन (MMGS-III)

**प्र.1.** एक बैंक अपने ALM अभ्यास के अंश के तौर पर 'संरचनात्मक चलनिधि रिपोर्ट' तैयार करता है। यह रिपोर्ट --------

(1) चलनिधि जोखिम के मापन और निगरानी के लिए इस्तेमाल में नहीं लाई जाती है

(2) चलनिधि जोखिम के मापन और निगरानी के लिए नकदी प्रवाह दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं करती है

(3) परिपक्वता अंतरालों के निर्धारण हेतु आस्तियों एवं देयताओं की अवशिष्ट परिपक्वता का इस्तेमाल नहीं करती है

(4) चलनिधि जोखिम के मापन तथा निगरानी हेतु स्टॉक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं करती है

(5) चलनिधि जोखिम प्रबंधन हेतु तकनीक के तौर पर परिपक्वता अंतराल विश्लेषण का इस्तेमाल नहीं करती है

## IT अधिकारी (डेटा सेंटर) (JMGS-I)

**प्र.1.** "सुसैन एक फायरवाल सेटअप करता है जो दो सिस्टम के बीच कम्यूनिकेशन के स्टेटस का ट्रैक रखता है और लोकल सिस्टम के कम्यूनिकेशन शुरू करने के बाद रिमोट सिस्टम को लोकल सिस्टम के लिए रिस्पॉन्ड करने की अनुमति देता है" सुसैन किस प्रकार के फायरवाल का इस्ते माल कर रहा है?

(1) स्टैटिक पैकेट फिल्टारिंग फायरवाल

(2) स्टेटफुल पैकेट इन्स्पेक्शन फायरवाल

(3) एप्लीकेशन-लेवल गेटवे फायरवाल

(4) सर्किट-लेवल गेटवे फायरवाल

(5) डीप पैकेट इन्स्पेक्शन

## तकनीकी मूल्यांकन (MMGS-II)

**प्र.1.** परियोजनाओं को विशेषकर एक स्पेशल पर्पस वेहिकल में कार्यान्वित किया जाता है, जो ............. होती है।

(1) परियोजना को कार्यान्वित और परिचालित करने के उद्देश्य से निगमित एक पृथक (Distinct) कॉरपोरेट संस्था

(2) परियोजना को कार्यान्वित और परिचालित करने के उद्देश्य से मूल कंपनी के भीतर डिवीजन

(3) परियोजना की स्क्रीनिंग के उद्देश्य से निगमित एक पृथक कॉरपोरेट संस्था

(4) परियोजना के लिए निधियों की व्यवस्था हेतु एक कॉरपोरेट संस्था

(5) केवल परियोजना के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने वाली कॉरपोरेट संस्था

## क्रेडिट एनालिस्ट (SMGS-IV)

**प्र.1.** निम्न से इकाई के चालू अनुपात तथा त्वरित अनुपात की गणना कीजिए ।

| देयताएं | | आस्तियां | |
|---|---|---|---|
| बैंक ऋण | 900 | नकदी | 10 |
| लेनदारियां | 300 | स्टॉक | 700 |
| पूंजी | 910 | बही ऋण | 800 |
| | | स्टॉक हेतु अग्रिम | 100 |
| | | अचल आस्तियां | 500 |
| | 2110 | | 2110 |

(1) 1.26, 0.59 (2) 1.15, 0.49 (3) 1.62, 0.37 (4) 1.34, 0.76 (5) 1.29, 0.49

## क्रेडिट ऑफिसर (JMGS-I)

**प्र.1.** सुरक्षित ऋण जोखिम के संबंध में निम्न में से किसे शीर्ष पर रखेंगे?

(1) चालू अनुपात 1.40, कर्ज इक्विटी अनुपात 3.2, DSCR 1.67

(2) ब्याज व्याप्ति अनुपात 5, DSCR 2.35, आस्ति व्याप्ति अनुपात 1.53

(3) आस्ति व्याप्ति अनुपात 1.20, चालू अनुपात 1.42, DSCR 1.98

(4) कर्ज इक्विटी अनुपात 3.1, त्वरित अनुपात 0.98, ब्याज व्याप्ति अनुपात 3.90

(5) आस्ति व्याप्ति अनुपात 1.33, चालू अनुपात 1.33, DSCR 1.33

## वरिष्ठ प्रबंधक - IT (MMGS-III)

**प्र.1.** बैलेंसर कमांड का सिन्टैक्स hdfs balancer- threshold <threshold> है। यहां थ्रेशोल्ड, _______ में अभिव्यक्त बैलेंसिंग थ्रेशोल्ड है।

(1) सिग्मोइड (2) डिग्री (3) मोड (Mod) (4) पर्सेन्टेज (5) एक्सपोनेंशियल

## वरिष्ठ प्रबंधक - IT (MMGS-III)

**प्र.1.** बड़े डेटा के लिए, _______ मशीन एक HDFS क्लस्टर हेतु विफलता का एकल बिंदु है।

(1) DataNode (2) NameNode (3) ActionNode (4) MapNode (5) MapReduce

## सामान्य ज्ञान (बैंकिंग संबंधित विषयों के विशेष संदर्भ में)

**प्र.1.** नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL), एक इलेक्ट्रॉनिक सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी, IDBI, UTI, सरकारी और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों एवं _________ द्वारा 1996 में प्रोमोट किए गए थे ।

(1) बंबई शेयर बाजार (BSE) लिमिटेड

(2) भारत का राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) लिमिटेड

(3) भारत का मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) लिमिटेड

(4) इंडियन नेशनल मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (NMCE) लिमिटेड

(5) नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज (NCDEX) लिमिटेड

**प्र.2.** सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) के अनुसार, जो 2011 में शुरू हुई, भारत में परिवारों की कुल संख्या लगभग __________ है ।

(1) 17.39 करोड़ (2) 19.39 करोड़ (3) 21.39 करोड़ (4) 24.39 करोड़ (5) 27.39 करोड़

**प्र.3.** केंद्र स्तर पर किन करों को GST में मिलाया जा रहा है?

(1) केंद्रीय उत्पाद शुल्क (2) अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (3) सेवा कर
(4) विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क (5) दिए गए सभी विकल्प

**प्र.4.** RBI ने भारत में परिचालन कर रहे बैंकों पर लागू सीमा तक पूंजी विनियमन संबंधी बासेल III सुधारों के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं । बासेल III पूंजी विनियमन तीन परस्पर सुदृढ़ीकरण स्तंभों पर आधारित हैं । इस संबंध में निम्न में से कौन-सा, ऐसे स्तंभों का एक भाग नहीं है?

(1) न्यूनतम पूंजी आवश्यकता (2) अधिकतम लाभ अर्जित करना
(3) पूंजी पर्याप्तता की पर्यवेक्षी समीक्षा (4) बासेल II पूंजी पर्याप्तता ढांचे का विपणन क्षेत्र
(5) दिए गए सभी विकल्प स्तंभ हैं

## ऑनलाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण

1. परीक्षा की कुल अवधि 150 मिनट है । [प्रतिपूरक समय के लिए पात्र निःशक्त उम्मीदवारों हेतु परीक्षा समय के प्रत्येक 60 मिनटों (1 घंटे) के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा ।]
2. सर्वर पर घड़ी लगाई गई है तथा आपकी स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा । परीक्षा समय समाप्त होने पर, आपको अपनी परीक्षा बंद या जमा करने की जरूरत नहीं है । यह स्वतः बंद या जमा हो जाएगी।
3. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

   1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

   2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

   3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

   4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

   5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

   पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।
4. आप प्रश्न पैलेट को छुपाने के लिए, “>” चिन्ह पर क्लिक कर सकते है, जो प्रश्न पैलेट के बाईं ओर दिखाई देता है, जिससे प्रश्न विंडो सामने आ जाएगा । प्रश्न पैलेट को फिर से देखने के लिए, “<” चिन्ह पर क्लिक कीजिए जो प्रश्न विंडो के दाईं ओर दिखाई देता है ।
5. सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की भाषा को परिवर्तित करने के लिए आप को अपने स्क्रीन के ऊपरी दाहिने सिरे पर स्थित प्रोफाइल इमेज पर क्लिक करना होगा । प्रोफाइल इमेज को क्लिक करने पर आपको प्रश्न के अंतर्वस्तु को इच्छित भाषा में परिवर्तित करने के लिए ड्राप-डाउन मिलेगा ।
6. आपको अपने स्क्रीन के निचले हिस्से को स्क्रॉलिंग के बिना नेविगेट करने के लिए और ऊपरी हिस्से को नेविगेट करने के लिए पर क्लिक करना होगा ।

**<u>किसी प्रश्न पर जाना :</u>**

7. उत्तर देने हेतु कोई प्रश्न चुनने के लिए, आप निम्न में से कोई एक कार्य कर सकते हैं :
   a. स्क्रीन के दायीं ओर प्रश्न पैलेट में प्रश्न पर सीधे जाने के लिए प्रश्न संख्या पर क्लिक करें । ध्यान दें कि इस विकल्प का प्रयोग करने से मौजूदा प्रश्न के लिए आपका उत्तर सुरक्षित नहीं होता है ।
   b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Save & Next** पर क्लिक करें ।
   c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए, पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक करें ।

**<u>प्रश्नों का उत्तर देना :</u>**

8. बहुविकल्प प्रकार प्रश्न के लिए
   a. अपना उत्तर चुनने के लिए, विकल्प के बटनों में से किसी एक पर क्लिक करें ।
   b. चयनित उत्तर को अचयनित करने के लिए, चयनित विकल्प पर दुबारा क्लिक करें या **Clear Response** बटन पर क्लिक करें ।
   c. अपना उत्तर बदलने के लिए, अन्य वांछित विकल्प बटन पर क्लिक करें ।
   d. अपना उत्तर सुरक्षित करने के लिए, आपको **Save & Next** पर क्लिक करना जरूरी है ।
   e. किसी प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने हेतु **Mark for Review & Next** बटन पर क्लिक करें । यदि किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना हो जो कि पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया गया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।
9. किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न का चयन करें, फिर नए उत्तर विकल्प पर क्लिक करने के बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक करें ।
10. उत्तर देने के बाद जो प्रश्न सुरक्षित हैं या पुनर्विचार के लिए चिह्नित हैं, सिर्फ उन पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।

**<u>अनुभागों द्वारा प्रश्न पर जाना :</u>**

11. इस प्रश्नपत्र में स्क्रीन के शीर्ष बार पर अनुभाग (Sections) प्रदर्शित हैं । किसी अनुभाग के प्रश्न, उस अनुभाग के नाम पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं । आप वर्तमान में जिस अनुभाग का उत्तर दे रहे हैं, वह अनुभाग हाइलाइट होगा ।
12. परीक्षार्थी संबंधित सेक्शन की समीक्षा को लीजेन्ड के भाग के रूप में देख सकते हैं जो हर एक सेक्शन में प्रश्न पॅलेट के ऊपर दिखाई देता है।

**<u>परीक्षा सबमिट करना</u>** :

13. परीक्षा की समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने ‘सबमिट’ बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।
14. कृपया नोट करें :-
   (a) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को “फाइनली सबमिट” करने नहीं दिया जाएगा ।
   (b) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।

## सामान्य निर्देश

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल (जो कॉल लेटर पर प्रिंट किया गया हो) जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप **समय पर** रिपोर्ट कर सकें । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (वही फोटो चिपकायें जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा - परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद । बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः
   (क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।
   (ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।
   (ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।
   (घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।
   (इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(6) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(7) आपके अपने फोटोग्राफ बुलावे-पत्र पर चिपका कर इसे साथ (वर्तमान में वैध) फोटो पहचान के प्रमाण की एक फोटो कॉपी स्टेपल करें और उसकी एक फोटोकापी साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके परीक्षा के अंत में नामांकित ड्राप बाक्स में डाल दें । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - PAN कार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ सहित मतदाता कार्ड/बैंक पासबुक फोटोग्राफ के साथ/राजपत्रित अधिकारी या जन प्रतिनिधि द्वारा आधिकारिक लैटर हेड पर जारी फोटो पहचान के प्रमाण/मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों या विश्वविद्यालयों द्वारा जारी हाल ही का वैध पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/कर्मचारी ID । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा । पहचान पत्र परीक्षा वाले दिन वैध होना चाहिये ।

(8) जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

(9) यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा । परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे ।

(10) बैंक सही और गलत उत्तरों की समानता की पद्धति का पता लगाने के लिये व्यक्तिशः उम्मीदवारों के साथ अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों (उत्तरों) का विश्लेषण करेगा । इस संबंध में यदि बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया में यह पता चलता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों को परस्पर बांटा गया है और प्राप्त स्कोर वास्तविक/वैध नहीं हैं, बैंक के पास बगैर सूचना दिये संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है और ऐसे उम्मीदवारों के परिणाम को रोक लिया जायेगा (अयोग्य करार दे दिया जायेगा) । इस संबंध में किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

(11) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन और इंक स्टाम्प पैड लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना नामांकित ड्राप बाक्स में डाल दें । आपको रफ पन्ने पर अपना पंजीकरण नंबर, और रोल नंबर लिखना होगा ।

(12) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से बैंक के विवेक पर निर्भर है । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(13) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(14) उम्मीदवार द्वारा चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में गलत सूचना उपलब्ध कराये जाने और/अथवा प्रक्रिया के उल्लंघन की घटनाओं का पता चलने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के अयोग्य ठहरा दिया जायेगा और उसे भविष्य में किसी भी बैंक भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी । यदि ऐसी घटनाओं के बारे में वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान पता नहीं चलता है परंतु बाद में इनका पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता पिछली तिथि से प्रभावी होगी ।

(15) बैंचमार्क शारीरिक रुप से चुनौतीग्रस्त अभियार्थी, जो कि परीक्षालेखक (स्क्राइब) का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा जिसे बैंक की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(16) निम्न वस्तुएं परीक्षा कक्ष (लॅब) के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :-

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर । कोई भी संचार उपकरण जैसे ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि । अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर-पिन, हेयर-बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ-घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले (केवल पारदर्शी बोतल लानी चाहिए) । ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके । जो उम्मीदवार नकल करते अथवा सहायता करते या सहायता लेते पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।

आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़-पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है।

प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।

(17) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अभ्यर्थियों को ऐसी जानकारी नहीं देनी है जो गग़लत हो, जिसके साथ छेड़छाड़ की गई हो, जो बनाया गया हो तथा उन्हें किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाना नहीं है । परीक्षा के समय या बाद की चयन प्रक्रिया में यदि किसी अभ्यर्थी को - (i) अनुचित साधनों का प्रयोग करने या (ii) ग़लत तरीके से किसी अन्य की परीक्षा देने या ग़लत तरीके से अपनी परीक्षा किसी अन्य से दिलवाने या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करने या किसी भी उद्देश्य से किसी भी रूप में या किसी भी मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक साधनों द्वारा परीक्षा(ओं) की विषय-वस्तु या उसमें दी गई किसी आंशिक या पूर्ण जानकारी के वितरण व उसे रखने को सुलभ बनाने या उसे प्रकट करने, प्रकाशित करने, निर्मित करने, वितरित करने रखने, या (iv) उसकी अभ्यर्थिता से जुड़े किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेने, या (v) अनुचित साधनों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता हेतु मदद लेने, या (vi) परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन या वैसा ही कोई इलेक्ट्रॉनिक सम्प्रेषण यंत्र रखने, का दोषी पाया जाता है तो ऐसा अभ्यर्थी, खुद को देय आपराधिक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत करने के साथ-साथ निम्नलिखित का भागी होगा :

- उस परीक्षा से अपात्र किए जाने हेतु जिसमें वह एक अभ्यर्थी है
- बैंक द्वारा कराई जानेवाली किसी भी परीक्षा से या तो स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि हेतु निषिद्ध किए जाने

## <u>सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। **देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**

   a. **मास्क (मास्क पहनना अनिवार्य है)**
   b. **दस्ताने**
   c. **पानी की अपनी पारदर्शी बोतल (अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**
   d. **अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**
   e. **एक सामान्य पेन और इंक स्टाम्प पैड**
   f. **परीक्षा संबंधी कागजात (बुलावा पत्र जिसके साथ फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल वही ID कार्ड) मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ । ID तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए ।**
   g. **स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है ।**
4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए । मास्क पहनना अनिवार्य है । अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा बुलावा पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। उन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जिनका आरोग्यसेतु एप्प स्टेटस माडरेट अथवा अधिक जोखिम वाला है। यदि घोषणा में की गई किसी भी रेस्पांस से कोविड-19 संक्रमण/लक्षण के बारे में पता चलता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)
9. प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।
10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (>$99.14^0$ F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

11. अभ्यर्थी पंजीकरण में:

**a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो तथा दाएं अंगूठे के बायोमैट्रिक कैप्चर द्वारा किया जाएगा (पर्याप्त स्वच्छता के साथ)। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**

**b. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा**

12. रफ शीट, बुलावा पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन

- **अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।**
- **अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित बुलावा पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए।**
- **अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।**

13. परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण:

- परीक्षा समाप्त होने पर, प्रत्येक उम्मीदवार के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक सत्यापन किया जाएगा (पर्याप्त स्वच्छता के साथ।)
- परीक्षार्थियों को व्यवस्थित ढंग से अर्थात एक बार में एक परीक्षार्थी को, बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। कृपया परीक्षा निरीक्षक से अनुदेश की प्रतीक्षा करें और जब तक सूचित न किया जाए, अपनी सीट से न उठें ।

## आपको शुभकामनाएं